Understanding and using your body and mind

Family resources

अपने शरीर और मन को समझना और इसका प्रयोग करना

पारिवारिक संसाधन

शुरूआती वर्षों का शिक्षा-प्राप्ति ढांचा (Early Years Learning Framework) राष्ट्रीय शिक्षा-प्राप्ति ढांचा है जिसका प्रयोग प्रीस्कूलों और सभी शुरूआती बाल्यकाल (एर्ली चाइल्डहुड) सेवाओं में किया जाता है। यह शिक्षा-प्राप्ति के पांच परिणमों के साथ शिक्षण और अध्यापन को मार्गदर्शित करता है जिससे बच्चों को सुदृढ़ तथा सक्षम छात्र बनने में सहायता मिलती है।

शिक्षण परिणाम 3 (Learning Outcome 3) इस बारे में है कि बच्चे अच्छा खाते-पीते हैं, सक्रिय रहते हैं और अपने बारे में अच्छा महसूस करते हैं। बच्चे मज़बूत संबंध स्थापित करके और अपनी भावनाओं का प्रबंध करना सीखकर कल्याण की सुदृढ़ भावना विकसित करते हैं। बच्चे खाने-पीने के स्वास्थ्यकर विकल्प लेना सीखते हैं और शारीरिक गतिविधि में भाग लेने के लिए गतिशीलता कौशल विकसित करते हैं, तथा मज़बूत और स्वस्थ होते हुए बड़े होते हैं।

Early Years Learning Framework के बा रे में और अधिक जा नका री के लिए यह वेबसा इट देखें:
https://www.dese.gov.au/collections/translations-belonging-being-and-becoming-early-years-learning-framework-australia

टेलीफोन दुभाषिया सेवा

यदि आपको अधिक जानकारी की आवश्यकता है तो कृपया अपनी संतान के प्रीस्कूल या एर्ली चाइल्डहुड सेवा से संपर्क करें। यदि अपनी पूछताछ में सहायता के लिए आपको दुभाषिए की ज़रूरत है तो कृपया टेलीफोन दुभाषिया सेवा को 131 450 पर फोन करें और अपनी भाषा में दुभाषिए के लिए निवेदन करें। ऑपरेटर आपके द्वारा प्रदान किए फोन नम्बर पर कॉल करेगा और आपकी पूछताछ में आपकी मदद करने के लिए दुभाषिए को लाइन पर कनेक्ट करेगा। इस सेवा के लिए आपसे शुल्क नहीं लिया जाएगा।

स्कूल पर शिक्षा-प्राप्ति

विद्यार्थी जुड़े हुए महसूस करते हैं, उनके सकारात्मक संबंध होते हैं और वे बढ़ने तथा कामयाब होने के लिए सशक्त होते हैं (सभी विषय क्षेत्र)

विद्यार्थी कला के माध्यम से सामाजिक, भावनात्मक और शारीरिक कल्याण विकसित कर सकते हैं (विषय: रचनात्मक कला)

विद्यार्थी अपने शरीर का ध्यान रखने के लिए स्वास्थ्य के लिए हितकर विकल्प ले सकते हैं (विषय: शारीरिक शिक्षा)

विद्यार्थी दूसरों की परवाह और सम्मान कर सकते हैं (विषय: शारीरिक शिक्षा)

शुरूआती शिक्षा-प्राप्ति

कल्याण की एक सुदृढ़ भावना का अर्थ है:

बच्चों को यह पता चलता है कि वे अपनी भावनाओं को संभाल सकते हैं, दूसरों के साथ सहयोग कर सकते हैं और प्रसन्न महसूस कर सकते हैं

बच्चों को यह पता चलता है कि स्वास्थ्य के लिए हितकर भोजन के विकल्पों से उनके शरीर को बढ़ने और मज़बूत बने रहने में सहायता मिलती है

बच्चे दूसरों के साथ खेल सकते हैं और उनसे सीख सकते हैं तथा वे अपने बारे में अच्छा महसूस करते हैं

बच्चे खेलकूद, संगीत, विज़ुअल ऑर्ट्स, गतिशीलता और नृत्य के माध्यम से अपने आपको व्यक्त कर सकते हैं